**निरीक्षण** | कोतमा रेलवे स्टेशन का राकेश रंजन ने किया औचक निरीक्षण, डंपिंग यार्ड में कचरे का पहाड़ देख पारा चढ़ा

# अव्यवस्था देख भड़के डीआरएम, लगाई फटकार





**कोतमा नवभारत 5 फरवरी।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के डीआरएम राकेश रंजन अपने अल्पप्रवास के दौरान कोतमा रेलवे स्टेशन पहुंचे। निरीक्षण के दौरान स्टेशन की बदहाली और स्वच्छता में भारी चूक देख उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। लगभग 45 मिनट के निरीक्षण में डीआरएम का रुख काफी सख्त नजर आया।

डीआरएम राकेश रंजन जब रेलवे कॉलोनी स्थित कचरा डंपिंग यार्ड पहुंचे, तो वहां कचरे का पहाड़ देख उनका पारा चढ़ गया। जब उन्होंने इस संबंध में सवाल किया, तो मौके पर मौजूद अधिकारी उन्हें भ्रमित करने की कोशिश करते रहे। अधिकारियों ने दावा किया कि कचरा प्रतिदिन अन्यत्र डंप किया जाता है, लेकिन मौके की स्थिति ने इन दावों की पोल खोल कर रख दी।

### कमर्शियल इंस्पेक्टर के पास नहीं था जवाब

प्लेटफॉर्म नंबर 1 की नालियों पर स्लैब नहीं होने और उनमें जमा गंदगी पर डीआरएम ने गहरी नाराजगी जताई। जब उन्होंने कमर्शियल इंस्पेक्टर एनके सिंह से पूछा कि पिछली बार नाली की सफाई कब हुई थी? तो इंस्पेक्टर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सके और गोलमोल बातें करते नजर आए।

### शौचालय में लटका मिला ताला

निरीक्षण के दौरान सबसे हास्यास्पद और गंभीर स्थिति तब निर्मित हुई जब डीआरएम प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर बने शौचालय का मुआयना करने पहुंचे। लाखों की लागत से जनता की सुविधा के लिए बना यह शौचालय ताले में बंद मिला। वीआईपी विजिट के दौरान भी बुनियादी सुविधाओं का बंद होना स्टेशन प्रबंधन की घोर लापरवाही को उजागर करता है।

### यात्री सुविधाओं पर दिए सख्त निर्देश

प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर लगे वाटर कूलर की जांच करते हुए डीआरएम ने निर्देश दिए कि हर महीने पानी की शुद्धता की जांच अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने नवनिर्मित प्लेटफॉर्म का भी बारीकी से निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता को परखा। पूरे दौरे के दौरान डीआरएम ने साफ-सफाई को लेकर कड़े निर्देश दिए और कहा कि यात्री सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## हाथी की घुसपैठ से ग्रामीण परेशान

**45 दिनों से एक ही क्षेत्र में डटे हैं, पटाखा फेंकने पर पैर से दबा कर देते हैं नष्ट**

**अनूपपुर नवभारत 5 फरवरी।** जिले में विगत 45 दिनों से तीन हाथियों का समूह दो अलग-अलग भागों में बट कर अनूपपुर एवं जैतहरी तहसील के क्षेत्र विचरण कर रहे है जो दिन में जंगल में और रात होते ही खेतों में लगी फसलो को अपना आहार बनाते है, जबकि एक हाथी फसलों बर्बाद कर रहा है। दो हाथी विगत 5 दिनों से जंगल में डेरा डाले हुए हैं।

बुधवार-गुरूवार की रात्रि एक हाथी को भगाए जाने के दौरान ग्रामीणों द्वारा पटाखा फेंकने पर हाथी पैर से दबाकर नष्ट कर देता था। वन्य प्राणी संरक्षक शशिधर अग्रवाल ने बताया कि जिले में तीन हाथियों का समूह दो अलग-अलग भागों में बंटकर ग्रमीण क्षेत्रों में फसलो और घरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्राम पंचायत अमगवां के डोंगरीटोला में गणेश सिंह मार्को के खेत में लगी गेहूं ,अरहर की फसल को निरंतर चार दिनों से आहार बना रहा है। इस हाथी के दो साथी पांच दिनों से वन परिक्षेत्र जैतहरी के वन बीट धनगवां अंतर्गत ग्राम पंचायत क्योटार के जंगल में डेरा डाले हुए हैं। ऐसा लग रहा हैं कि जंगल में ठहरकर अपने एक साथी के आने का इंतजार कर रहे हैं।

# छठ तालाब में चला स्वच्छता का अभियान

**जन अभियान परिषद के नेतृत्व में हुआ सामूहिक श्रमदान**



**जमुना कोतमा 5 फरवरी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में विकासखंड अनूपपुर के सेक्टर क्रमांक 4 अंतर्गत जमुना कॉलरी क्षेत्र स्थित छठ तालाब में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत 5 फरवरी को सामूहिक श्रमदान का आयोजन किया गया। इस दौरान तालाब परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया ।कार्यक्रम में बताया गया कि छठ तालाब से स्थानीय नागरिकों की गहरी आस्था जुड़ी है, जहां प्रत्येक वर्ष छठ पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए तालाब को स्वच्छ रखने, जल स्त्रोतों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से श्रमदान किया गया। उपस्थित जनों ने 'पर्यावरण संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी' और जल संरक्षण से जुड़े नारे भी लगाए।

### लोगों को तालाबों को स्वच्छ रखने की दी सलाह

इस अवसर पर नगर विकास प्रस्फुटन समिति पसान (नवांकुर संस्था), प्रस्फुटन समिति जमुना, पसान व भालूमाड़ा के प्रतिनिधि, परामर्शदाता, समाजसेवी, पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यकर्ता, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा और तालाबों को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर जनभागीदारी का आह्वान किया गया।

## चेरीताल-तमरहाई शासकीय स्कूल में स्मार्ट क्लासेस शुरू

**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेरीताल एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमरहाई में स्मार्ट क्लासेस का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन, वंदना,दीपप्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर मध्य क्षेत्र के विधायक डॉ.अभिलाष पांडे रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने कहा कि उत्तरमध्य विधानसभा अंतर्गत समस्त विद्यालयों को संसाधन से युक्त बनाया जाएगा, बच्चों को सभी संसाधनों से युक्त पढ़ाई लिखाई का अच्छा वातावरण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय पार्षद प्रतिभा भापकर, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, मंडलअध्यक्ष दिलीप पटेल,प्राचार्य डीके जैन, मुकेश श्रीवास्तव,बीएसी अजय रजक, आशा यादव, मंजुला सिन्हा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# पोषण सेवाओं की नियमित मॉनिटरिंग जरूरी : पंचोली

**संपूर्णता अभियान 2 .0 की कलेक्टर ने समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश**



**अनूपपुर नवभारत 5 फरवरी।** नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (पुष्पराजगढ़) अंतर्गत 28 जनवरी से 14 अप्रैल तक संचालित किए जा रहे 'संपूर्णता अभियान 2.0' की समीक्षा बैठक गुरूवार को कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अभियान के अंतर्गत निर्धारित 6 प्रमुख सूचकांकों में शत-प्रतिशत परिपूर्णता करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने कहा कि संपूर्णता अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं बुनियादी ढांचे से जुड़े महत्वपूर्ण संकेतकों में पूर्णता प्राप्त कर क्षेत्र का समग्र एवं सतत विकास करना है। सभी विभागीय अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति करने पर विशेष जोर दिया।

### पात्र बच्चा या महिला सेवाओं से वंचित नहीं रहे

कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के पूर्ण टीकाकरण, टेक होम राशन तथा गर्म पका भोजन की समीक्षा कर पोषण सेवाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए पारदर्शी एवं समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र बच्चा या महिला सेवाओं से वंचित नहीं रहे।

### शौचालयों के रखरखाव करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने बालिकाओं के लिए कार्यशील एवं सुरक्षित शौचालयों की उपलब्धता की समीक्षा की और सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय की उपलब्धता, स्वच्छता साथी के माध्यम से नियमित साफ-सफाई एवं उचित रख-रखाव करने के निर्देश दिए। साथ ही नवीन विद्यालय भवनों में शौचालय निर्माण तथा पुराने विद्यालय भवनों में आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त शौचालय निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

**एक नजर में**

## पटवारी संघ ने दी हड़ताल की चेतावनी

**अनूपपुर नवभारत 5 फरवरी।** पटवारी संघ अनूपपुर गुरूवार को अपनी विभिन्न मांगों समस्याओं के निराकरण को लेकर कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर दिलीप पांडेय को ज्ञापन सौंपा। समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर 9 फरवरी से कार्य का बहिष्कार,सामूहिक अवकाश तथा निश्चित कालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी। सौंपे गए मांग पत्र में पटवारी संघ ने बताया कि शासकीय अवकाश के दिन पर शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक बैठक का आयोजन प्रशासन द्वारा किए जाने से पटवारी परेशान हैं और उनके व्यक्तिगत कार्यों के लिए समय नहीं मिल रहा है साथ ही परिवार के लोगों को भी वह समय नहीं दे पा रहे हैं। इसके साथ ही बैठक में शामिल न होने पर उनके वेतन काटे जा रहे हैं। पटवारी संघ ने जियो टैग गिरदावरी शासन द्वारा सरवर के माध्यम से कराए जाने के बावजूद जिले में पटवारी को यह कार्य करना पड़ता है। इसके साथ ही फार्मर आईडी में व्याप्त विसंगतियों को दूर किए जाने की मांग की गई है। नव नियुक्त पटवारी को अभी तक 100 प्रतिशत सैलरी नहीं दी जा रही है, जबकि उनसे कार्य पूरा लिया जा रहा है। इसके साथ ही किसी भी गलती पर पटवारी के विरुद्ध मनमाना अत्यधिक अर्थदंड अधिरोपित किए जाने से वह परेशान है साथ ही सीधे निलंबन की कार्यवाही की जा रही है। जिस पर पटवारी संघ ने कार्यवाही की मांग की है और कार्यवाही न होने पर 9 फरवरी से कार्य का बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।



## मजबूत संगठन ही पत्रकारों की ताकत है : मिश्रा

**अनूपपुर नवभारत 5 फरवरी।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता गंगा चरण मिश्रा गुरूवार को अनूपपुर आगमन से संगठन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार देखने को मिला। प्रवास के दौरान उन्होंने जिले में संगठन की गतिविधियों, सदस्यता विस्तार, पत्रकारों की सुरक्षा तथा वर्तमान में संचालित निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला एवं संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा के साथ संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय प्रवक्ता गंगा चरण मिश्रा ने कहा कि परिषद का मूल उद्देश्य पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करना, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा उन्हें सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने संगठन के विस्तार, एकता और अनुशासन पर विशेष बल देते हुए कहा कि मजबूत संगठन ही पत्रकारों की ताकत है।

## होली स्पेशल ट्रेन अनूपपुर होकर गुजरेगी




**अनूपपुर नवभारत 5 फरवरी।** आगामी होली त्यौहार के दौरान यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दुर्ग-निजामुद्दीन-दुर्ग के मध्य दो-दो फेरों के लिए होली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। जो अनूपपुर से होकर निजामुद्दीन-दुर्ग जायेगी। गाड़ी संख्या 08751 दुर्ग-निजामुद्दीन होली फेस्टिवल स्पेशल दुर्ग से 1 एवं 2 मार्च को (02 फेरे) चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08752 निजामुद्दीन-दुर्ग होली फेस्टिवल स्पेशल निजामुद्दीन से 2 एवं 3 मार्च को (2 फेरे) चलेगी। जिसका ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दुर्ग, रायपुर, उस्लापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों में दिया गया है।

# सामुदायिक भवन की गुणवत्ता में करें सुधार

**जिला पंचायत सीईओ ने विकास कार्यों का लिया जायजा**



**अनूपपुर नवभारत 5 फरवरी।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने गुरूवार को पुष्पराजगढ़ विकासखंड के सुदूरवर्ती ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर ग्रामीण विकास तथा जनहित के कार्यों का मैदानी भ्रमण कर जायजा लिया।

उन्होंने ग्राम पंचायत बेंदी, देवरी, कोयलारी, दमेहड़ी का भ्रमण किया। ग्राम पंचायत बेंदी में प्रधानमंत्री जनमन आवास तथा पीएम जनमन बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन का जायजा। उन्होंने पीएम जनमन बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्र का निरीक्षण करते हुए भवन के गुणवत्ता में सुधार तथा विसंगतियों को आगामी एक माह में दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने भवन का निरीक्षण करते हुए सामग्री की गुणवत्ता को सुधारने तथा भवन में पेयजल एवं बिजली की व्यवस्था करने के निर्देश ठेकेदार को दिए।

### बच्चों के अक्षर ज्ञान से प्रभावित हुईं सीईओ

ग्राम पंचायत देवरी परिसर में निर्मित किए जा रहे हैं मंगल भवन निर्माण कार्य तथा आंगनबाड़ी केंद्र का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों से चर्चा की। बच्चों ने अपनी पढ़ाई के संबंध में अवगत कराया। उनके अक्षर ज्ञान को देखकर जिला पंचायत सीईओ ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा छात्र सहदेव की सराहना की, उन्होंने मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से सुपोषण अभियान की जानकारी ली उन्होंने ग्राम पंचायत परिसर में संचालित संकल्प से समाधान अभियान के संबंध में सचिव से जानकारी प्राप्त की।

## आज दिव्यांगों को मिलेंगे प्रमाण पत्र

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर के दिव्यांगजनों के लिए आगामी 6 फरवरी का दिन विशेष सौगात लेकर आ रहा है। जिला प्रशासन और नगर निगम के प्रयासों से जिला अस्पताल विक्टोरिया में मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाये जायेगें। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शहर के समस्त दिव्यांगजनों से अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। प्रमाण-पत्र बनने से दिव्यांगजनों को शिक्षा, रोजगार और पेंशन जैसी योजनाओं में सीधी मदद मिलेगी। निगमायुक्त के अनुसार विशेषज्ञों का मेडिकल बोर्ड मौके पर ही दिव्यांगता का परीक्षण करेगा। प्रमाण-पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया गया है ताकि आवेदकों को भटकना न पड़े। इस प्रमाण-पत्र के माध्यम से दिव्यांगजन शासन की विभिन्न सब्सिडी और सहायता कार्यक्रमों के लिए पात्र हो सकेंगे।



## बोर्ड परीक्षा निर्विघ्न आयोजित कराएं

**सीईओ जिला पंचायत ने केन्द्राध्यक्षों की बैठक में दिए निर्देश**

**अनूपपुर नवभारत 5 फरवरी।** सभी केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड की परीक्षा निर्विघ्न, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित सम्पन्न कराएं। परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इस हेतु सभी परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं जैसे पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई इत्यादि उपलब्धता की जाए। इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनातगी की जाए, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था व अनुशासनहीनता की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। परीक्षा प्रारंभ से लेकर समाप्ति तक बोर्ड परीक्षा के सभी नियमों का अक्षरश: पालन किया जाए।

### नकल की घटना होने पर होगी कार्यवाही

गुरूवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने जिला पंचायत सभागार में बोर्ड परीक्षा के संबंध में केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष की बैठक में कहीं। सीईओ ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल की घटना होने या परीक्षा की विश्वसनीयता एवं गोपनीयता भंग होने दशा में संबंधित केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष पर शासन के नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत मिले 17,177 आवेदन

**अनूपपुर, नवभारत।** राज्य शासन के निर्देशानुसार केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को पारदर्शी, सुगम एवं समयबद्ध तरीके से प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में संकल्प से समाधान अभियान का संचालन 12 जनवरी से 31 मार्च तक किया जा रहा है। यह अभियान कुल चार चरणों में संचालित किया जा रहा है। अभियान का प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी तक निर्धारित है, जिसके अंतर्गत आमजन से आवेदन एवं शिकायतें प्राप्त की जा रही हैं। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत एवं नगरीय वार्ड स्तर पर समितियों का गठन कर शिविरों के माध्यम से तथा घर-घर संपर्क कर आवेदन एकत्र किए जा रहे हैं। अभियान की समस्त प्रक्रिया सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संपादित की जा रही है।

**भूमिपूजन** | 911.99 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नए तहसील भवन का राज्यमंत्री ने किया भूमिपूजन

# प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करेगा नया तहसील भवन : जायसवाल



**कोतमा नवभारत 5 फरवरी।** गुरुवार को मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि अनूपपुर जिला विकास के क्षेत्र में निरंतर अग्रसर हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व तथा जिले के समस्त अधिकारियों के सामंजस्यपूर्ण प्रयासों से जिला प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

राज्यमंत्री जायसवाल ने जिले के कोतमा में आयोजित नवीन संयुक्त तहसील कार्यालय भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जिले को अनेक विकास कार्यों की सौगात प्रदान की गई है। इन्हीं में से एक महत्वपूर्ण परियोजना कोतमा में 911.99 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले नवीन संयुक्त तहसील कार्यालय परिसर का निर्माण है, जिसका गुरुवार को भूमि पूजन संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि कोतमा में प्रशासनिक ढांचे को नया तहसील भवन मजबूत करेगा।

### योजनाएं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण होती हैं

राज्यमंत्री जायसवाल ने कहा कि जब विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका पूर्ण मनोयोग और समर्पण के साथ कार्य करती हैं, तो सभी योजनाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण होती हैं। उन्होंने संबंधित निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि संयुक्त तहसील कार्यालय परिसर का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि कोतमा क्षेत्र के नागरिकों को शीघ्र इसका लाभ प्राप्त हो सके।

### नए तहसील भवन से सुविधाएं मिलेंगी : कलेक्टर

इस अवसर पर कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि कोतमा में नवीन तहसील भवन के निर्माण से आम नागरिकों एवं अधिवक्ताओं को राजस्व संबंधी अनेक सुविधाएं सुलभ हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि अनूपपुर जिले में विकास कार्य तीव्र गति से संचालित हो रहे हैं तथा जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का समुचित लाभ सभी नागरिकों तक पहुंचे।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में जनपद पंचायत कोतमा के अध्यक्ष जीवन सिंह, उपाध्यक्ष, नगरपालिका कोतमा के अध्यक्ष अजय सराफ, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतमा टीआर नाग, तहसीलदार कोतमा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता, पत्रकार और नागरिक उपस्थित थे।